वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 281 | सोमवार 6 फरवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर



# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर


## जयपुर में विंटेज कार कलेक्शन देखने उमड़े सैलानी




### रोल्स रॉयल, कैडिलैक, बेंटले जैसी 110 कारों को किया गया डिस्प्ले



**जयपुर. कासं।** राजपूताना आटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब की ओर से जयपुर में दो दिवसीय विंटेज क्लासिक कार एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। इस बार देश भर की 100 से ज्यादा कार को एग्जीबिशन में डिस्प्ले किया गया। जिन्हें देखने के लिए न सिर्फ राजस्थान बल्कि देशभर से कार लवर्स जयपुर पहुंचे। इस बार एग्जीबिशन में रोल्स रॉयल, बेंटले, मर्सिडीज, कैडिलैक, जगुआर जैसी कारुको डिस्प्ले किया गया था।

## सुशील मोदी बोले पेट्रोल-डीजल के कम होंगे दाम

### अंतर्राष्ट्रीय कारणों से बढ़ रही महंगाई, लोगों को अब मनरेगा की जरूरत नहीं



**जयपुर. कासं**

अंतरराष्ट्रीय कारणों से भारत में महंगाई बढ़ रही है। यह दावा किया है, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने। रविवार को प्रदेश बीजेपी मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों का असर पेट्रोल और डीजल पर पड़ता है। अब क्रूड ऑयल की कीमत कम हो रही है। ऐसे में जल्द ही मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाएगी। मोदी ने कहा कि गहलोत सरकार की OPS का बोझ राजस्थान की जनता को उठाना पड़ेगा। कांग्रेस सरकार की आर्थिक नीति की वजह से कुछ समय बाद प्रदेश के हर व्यक्ति पर एक बड़ा कर्ज होगा। गहलोत को इन सब बातों का ध्यान रखना चाहिए था। मोदी ने कहा कि केंद्र के बजट में मनरेगा का बजट कम इसलिए किया गया है क्योंकि कोरोना काल के समय लोग शहरों को छोड़कर गांव में लौटे थे। तब गांवों में ही लोगों को रोजगार देने के लिए मनरेगा में बजट बढ़ा दिया गया था, लेकिन अब गांव की स्थिति भी अच्छी होती जा रही है। इसलिए मनरेगा का बजट भी कम किया गया है क्योंकि अब लोगों को मनरेगा में काम करने की जरूरत नहीं है। सुशील मोदी ने कहा कि कुछ लोग चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की योजनाओं की घोषणा करते हैं। वोट एक बार मिल सकता है लेकिन मुफ्त में देने वालों को देश की अर्थव्यवस्था का क्या होगा यह सोचना चाहिए। हमारी पार्टी मुफ्त बांटने में विश्वास नहीं करती बल्कि व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है।

## म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल में स्टूडेंट्स का दिखा टैलेंट

### गिटार, की—बोर्ड, ड्रम, वायलिन, तबला सहित वेस्टर्न और कथक डांस प्रस्तुति ने बटोरी तालियां

**जयपुर. कासं।** तानसेन संगीत महाविद्यालय मानसरोवर जयपुर की ओर से तांज 2023 म्यूजिक एवं डांस फेस्टिवल का आयोजन किया गया। तक्षशिला बिजनेस स्कूल के इनडोर स्टेडियम में यह फेस्ट आयोजित किया गया। इस फेस्टिवल में



लगभग 250-300 विद्यार्थी ने भाग लिया। स्टूडेंट्स ने जो विभिन्न वाद्य यंत्रों जैसे गिटार, कीबोर्ड, ड्रम, वायलिन, तबला, वोकल एवं वेस्टर्न डांस, कथक की प्रस्तुति पर खूब तालियां बटोरी। संस्थान के निदेशक प्रखर सोमानी ने बताया कि विद्यार्थियों को अपना हुनर दिखाने के लिए यह प्लेटफॉर्म बनाया गया है। यहां गुरुओं के सिखाए सबक को सबके सामने पेश किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांगानेर विधायक डॉ. अशोक लाहोटी रहे। जिन्होंने संगीत को सबसे बड़ा योगा बताके सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में 4 साल से 90 साल तक के विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दी। महाभारत को कथक प्रस्तुति के जरिए साकार किया। राग यमन को अलग अलग बंदिश में प्रस्तुत किया गया।

# इंजिनियर्स कॉलोनी मानसरोवर जयपुर में शांतिनाथ जिनालय का मनाया चतुर्थ वार्षिकोत्सव

## स्वर्ण कलशों से हुआ भव्य पंचामृत अभिषेक

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



जयपुर की इंजीनियर्स कॉलोनी मानसरोवर में श्री 1008 शान्तिनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय में आज मंदिर जी का चतुर्थ वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया, इस कार्यक्रम में जैन महासभा के मीडिया प्रतिनिधि राजाबाबू ने शिरकत करते हुए बताया कि कार्यक्रम संयोजक परम मुनि भक्त कमल छाबड़ा के अनुसार कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर शनिवार रात्रि को सामूहिक आरती हुई, तत्पश्चात भगवान आदिनाथ का 48 दीपों से भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी प्रमोद बाकलीवाल व मनीष छाबड़ा ने बताया रविवार को प्रातः7.00 बजें अतिशयकारी शांतिनाथ भगवान का दुग्ध, दही,घी बुरा, केसर, आदि से पंचामृत अभिषेक किया गया बाद मे मूलनायक 1008 शांति नाथ भगवान के समक्ष शांति महामंडल विधान का गाजे बाजे के साथ साज बाज से भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम के समापन पर आरती करने के बाद आयोजकों की तरफ से शानदार स्वरूची प्रीतिभोज का आयोजन किया गया।गोधा ने बताया कि इस भव्य आयोजन मे जयपुर जैन समाज के अशोक जैन खेडली,वरुण पथ मंदिर के मंत्री जे के जैन, राजेंद्र बड़जात्या, सपन , रवि, छाबड़ा, अभिषेक जैन बिट्टू, महावीर बाकलीवाल, सुनील गंगवाल, नेमीचंद जैन,आलोक बाकलीवाल, पुष्पेन्द्र जैन पचेवर,विकास जैन, मयंक जैन,निशांत जैन,अनिल जैन, एवं मानसरोवर, पत्रकार कॉलोनी के भक्त जन शामिल हुए।

## महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर ने मनाया विश्व केन्सर दिवस



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन एवं संतोकबा दुर्लभ जी मेमोरियल अस्पताल ने महावीर इंटरनेशनल भवन में विश्व केन्सर दिवस 4 फरवरी को Brust केन्सर एवं अन्य तरह के केन्सर के विषय में गहन चर्चा की गई । क्यों होते हैं, केसे बचा जाए, केसे उपचार करवाया जा सकता है पर डाक्टर सरिका लाम्बा ने अपने उद्बोधन में विस्तार से बताया,आपने सलाईड के माध्यम से कई बिंदुओं को विस्तार से समझाया यह भी बताया कि केन्सर कितने प्रकार के होते हैं और उनको केसे पहचना जा सकता। फोटो के माध्यम से बताया और उसको किस प्रकार पहचानेंगे के बारे मे अच्छी तरह समझाया। डाः उमेश खंडेलवाल ने केन्सर होने के कारण तथा उससे बचे रहने का उपाय भी बताए उन्होंने इससे बचे रहने में खान पान पर सब्जी फल फुर्ट फाइबर युक्त व मोटा अनाज खाने पर जोर दिया आवश्यकता अनुसार धुमने व रोजाना कसरत पर जोर दिया। दोनों ही डाक्टरों ने उपस्थित लोगों के सभी प्रश्नों के उत्तर भी दिये तथा सभी को संतुष्ट भी किया। अस्पताल के आइ पी डी की मेनेजर रुचि नारंग जी ने सभी को एक कार्ड 20% रिबेट के दिए तथा हमारी एसोसिएशन से रिबेट के लिए प्रथमिकता देने तथा इस विषय मे एम ओ यू करने का आश्वासन भी दिया। वीर पारस बाफना एवं उनके परिवार द्वारा प्रोनित बाफना की स्मृति में उनके जन्मदिन पर एक वील चेयर प्रदान की। आगुंतको अतिथियों का माल्यार्पण पट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पारस बाफना व उनके परिवार द्वारा हाई टी नाश्ता सभी को कराया गया । मंच का संचालन वीर इन्जी पीसी छाबड़ा मंत्री ने किया।

## ऑर्थोपेडिक शिविर में 137 मरीजों की जांच की, 17 का ऑपरेशन योग्य चयन

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**




**केकड़ी।** लायंस क्लब केकड़ी एवं एम एल स्पाइन एंड ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शिविर का शुभारंभ प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन एस एन न्याती ,लायंस क्लब केकड़ी के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सोनी, पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर बृजेश गुप्ता ,सचिव पुरुषोत्तम गर्ग, जयपुर के डॉक्टर मोहित कुमार मीणा, चार्टर मेंबर लायन पदम राटा ने गणेश जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। क्लब प्रशासक लायन दिनेश गर्ग ने बताया कि ऑर्थोपेडिक शिविर में रीड की हड्डी में फैक्चर , पीठ का दर्द ,गर्दन का दर्द ,शरीर में टेढ़ापन, कमर से पैरों तक के दर्द ,स्लिप डिस्क एवं साइटिका , घुटनों का दर्द, जोड़ प्रत्यारोपण का निशुल्क 137 मरीजों की जांच कर ,दवा प्रदान कर 17 मरीजों को भर्ती कर जयपुर ऑपरेशन के लिए ले गए । लायन विनय पांड्या ने बताया कि 30 जनवरी व 1 फरवरी को कोटा में हुए 138 नेत्र ज्योति के ऑपरेशन का फोलो अप कैंप करके जांच कर दवा वितरण की गई। चश्मे के नंबर निकालने के लिए 19 फरवरी को बुलाया गया । कोटा के चिकित्सक मिताली ,कंपाउंडर अनिल सुमन, कमलेश, जयपुर के कंपाउंडर चंद्रप्रकाश, राहुल कुमावत, राजेश शर्मा, पवन सिंह, लायन निरंजन चौधरी, लायन अनिल बंसल ने सराहनीय सहयोग दिया ।

## जिला पत्रकार संघ की बैठक संपन्न, सदस्यों का हुआ सम्मान, चुनाव की घोषणा

**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**



**भीलवाड़ा।** जिला पत्रकार संघ की आम सभा आयोजित की गई, जिसमें नए सदस्यों का सम्मान किया गया तथा संघ के जिला अध्यक्ष शहजाद खान ने संगठन की बागडोर युवा पत्रकारों को सोंपने के लिए आगामी 26 फरवरी तक पत्रकार संघ के चुनाव संपन्न कराने की घोषणा की उन्होंने कहा कि संगठन की गौरवशाली परंपरा के अनुसार संगठन को पत्रकारों के हित में कार्य करना चाहिए इसके लिए उन्होंने संगठन की कार्य योजना बताई। बैठक में पत्रकार दयाराम दिव्य ने पत्रकारों की एकता पर बल दिया तथा पत्रकारों को संगठित कर संगठन को शक्तिशाली बनाने के सुझाव दिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा, अनिल राठी, प्रकाश चप्पलोत, आजाद मोहम्मद नेब, पंकज गर्ग, भैरू सिंह राठौड़, संजय लड्ढा, रतन प्रजापत, अनिल सेठिया, जयेश पारीक, अनिल मलिक, राजेंद्र प्रताप सिंह हाडा, मोहन सिंधी, राजीव जैन, बृजेश शर्मा, प्रकाश पाटनी, रमेश चंद्र भाट, सत्येंद्र कुमार दाधीच, अलकेश कुमार पारीक, मुकेश शर्मा, राजकुमार गोयल, फारुख खान, बद्री लाल माली, भेरूलाल गर्ग,सांवरमल, दिलराज सिंह राठौड़, दिलशाद खान, शब्बीर खान , जावेद काजी, शमशाद खान, अमान शेख, शम्मी शेख को पत्रकारिता एवं संगठन में दिए गए योगदान पर सदस्य मीडिया सम्मान प्रदान किया गया ।

# संगीतमय पूजन एवं विशेष प्रवचन देशना के साथ रजत महोत्सव का शुभारंभ

## 7 फरवरी को गाजेबाजे के साथ होगा मानस्तम्भ महा मस्तकाभिषेक



**निवाई. शाबाश इंडिया**

आचार्य शशांक सागर महाराज एवं आर्यिका विज्ञा श्री माताजी के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में जिनालय रजत महोत्सव के अन्तर्गत आचार्य सुनील सागर महाराज की तीन दिवसीय विशेष प्रवचन देशना कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें आचार्य श्री की संगीतमय पूजा अर्चना की गई। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा वात्सल्य रत्नाकर आचार्य विमल सागर महाराज एवं तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर लोकार्पण किया गया। पूज्य गुरु मां द्वारा मंगलाचरण किया गया। कार्यक्रम को लेकर विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल की महिलाओं द्वारा एवं जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा आचार्य श्री का संगीत के साथ पूजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा कि राग द्वेष मोक्ष का मार्ग नहीं है। उन्होंने कहा कि जब भी नगर में मुनि संघ का आगमन होता है तो इसमे समाज का सोभाग्य होता है ।धर्म आत्मा का स्वभाव है। जो साधू वीतरागता भावना भाले वही सच्चा गुरु है। उन्होंने कहा कि सर्व प्रथम तो अपने स्वभाव पर देव शास्त्र गुरु पर विश्वास करना दूसरे भगवान की वाणी पर विश्वास रखना और यदि कहीं ऐसा आपके मन में आये कि किसी ने मेरे साथ विश्वास धात किया तो भगवान से उसके मन मे सद् बुद्धि जाग्रत होने के लिए प्रार्थना करना। यदि ऐसी आस्था ऐसा विश्वास आपके मन में जम गया तो आप संसार सागर से तिर जाओगे। इसलिये सच्चे देव शास्त्र एवं गुरुओं के साथ वस्तु स्वरूप पर विश्वास करना निश्चित ही भव समुद्र से तिर जाओगे। रविवार को समाजसेवी गोपाल लाल शंभु कुमार जैन कठमाणा परिवार में आचार्य सुनील सागर महाराज की आहार चर्या समपन्न हुई। जौंला ने बताया कि अग्रवाल जैन मंदिर पर 7 फरवरी को जिनालय स्थापना रजत महोत्सव के तहत मानस्तम्भ महामस्तकाभिषेक का आयोजन किया जाएगा।

### श्री ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

# ज्ञान कल्याणक महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन



## आज 11 बजे हेलीकॉप्टर से होगी पुष्पवर्षा

**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

मुरेना। मेघपटल को भेदकर जैसे सूर्य की रश्मियां वाहर आना चाहती हैं, एरण्ड का बीज कवच को तोड़कर जैसे बाहर आने के लिए कसमसाता है, ठीक उसी प्रकार यह जीव कर्म बन्धनों को तोड़कर स्वतंत्र यानी स्वाधीन होना चाहता है। उक्त विचार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार निशांत ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। श्री ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन रविवार को ज्ञान कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। टीकमगढ़ के मुख्य प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत, खुरई के प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी नितिन भैयाजी, टीकमगढ़ के सह प्रतिष्ठाचार्य मनीष भैयाजी ने दिव्य मंत्रोच्चार पूर्वक मांगलिक क्रियाओं से भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया। इसके बाद ज्ञान कल्याणक पूजन, शांति हवन, ज्ञान संस्कार विधि, समवशरण की रचना एवं दिव्य देशना आदि धार्मिक अनुष्ठान हुए ।इंद्र-इंद्राणियों ने देव-शास्त्र-गुरु की पूजन के साथ अष्ट द्रव्यों से भगवान की पूजा, अर्चना, स्मरण, ध्यान कर ज्ञान कल्याणक का अर्घ्य समर्पित किया। भगवान आदिनाथ का समवशरण हुआ और सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज एवं दिगम्बराचार्य श्री विनीत सागर जी महाराज ने श्री आदिनाथ भगवान की 16 फुट की विशाल एवं भव्य मूर्ति को सूर्य मंत्र देकर प्रतिष्ठित किया। दिगम्बराचार्य श्री ज्ञेयसागर जी एवं श्री विनीत सागर जी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य एवं स्वस्तिधाम प्रणेत्री गुरुमां गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी के मुख्य निर्देशन एवं गणिनी आर्यिका लक्ष्मीभूषण माताजी, गणिनी आर्यिका सृष्टीभूषण माताजी, गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी के सान्निध्य में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य श्री जयकुमार निशांत ने ज्ञानकल्याणक के संदर्भ में बताया कि महामुनि आदिनाथ स्वामी ने दीक्षा ग्रहण कर छः माह की साधना का संकल्प किया । साधना के छः माह बाद आहारचर्या को निकले परन्तु श्रावक उनके



आहार की विधि से अनभिज्ञ होने के कारण उनको आहार न दे सके ।तव राजा श्रेयांस ने स्वप्न में पूर्व पर्याय में आहारचर्या का ज्ञान प्राप्त करके महामुनि का पड़गाहन कर, नवधाभक्ति पूर्वक आहार प्रदान किया ।मुनिराज आदिनाथ स्वामी ने मात्र तीन अंजुली आहार लेकर वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षय तृतीया के रूप में प्रसिद्ध किया । आहार के पश्चात राजा सोम के यहां पंचाश्चर्य हुए। आहार लेकर मुनिराज वट बृक्ष के नीचे ध्यानस्त हुए । उन्होंने आत्म चिंतन करते हुए घातिया कर्मों का क्षय करके केवल ज्ञान प्राप्त किया । केवलज्ञान प्राप्त होने पर कुवेर ने समवशरण की रचनाकर आदिकुमार की पूजा अर्चना की । समोशरण का उद्घाटन विपिन जैन अतुल जैन शांति मोहल्ला दिल्ली ने किया । आदिकुमार ने दिव्यध्वनि के माध्यम से जीवों को संसार के दुखों से छुटकारा पाने का उपदेश देकर सभी का कल्याणमार्ग प्रशस्त किया। महोत्सव के प्रचार प्रसार संयोजक मनोज नायक एवं अभिषेक जैन टीटू ने जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रातःकालीन ब्रह्ममुहूर्त में आदिनाथ स्वामी को निर्वाण की प्राप्ति होगी । आदिनाथ जी को मोक्ष प्राप्ति के पावन अवसर पर एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। ततपश्चात भगवान आदिनाथ का महामस्तकाभिषेक होगा इस पावन अवसर पर सम्पूर्ण ज्ञानतीर्थ क्षेत्र पर प्रातः 11.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा होगी । पुष्प वर्षा हेतु हेलीकॉप्टर जयपुर से उड़ान भरकर ज्ञानतीर्थ क्षेत्र मुरेना में उतरेगा। अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन ने बताया कि हेलीकॉप्टर लगभग एक घण्टे के अंदर चार बार उड़ान भरेगा और निरन्तर ज्ञानतीर्थ क्षेत्र की परिक्रमा लगाता हुआ पुष्पवर्षा करता रहेगा ।

## वेद ज्ञान

### मानव धर्म को जानें...

मानवता को देवत्व में रूपांतरित करने के लिए क्या चाहिए? जाहिर है जो मानव धर्म है, जो मानवता का गुणधर्म है उसी को जगाना और बढ़ाना होगा। पहले सच्चे इंसान बनें, फिर देवता बनने में देर नहीं होगी। यही है मनुष्य का धर्म। धर्म साधना से ही इंसान देवता बनता है। धर्म साधना क्या है? कहा गया है कि जहां मन है वहां जीवात्मा भी है, किंतु मन का विकास जहां कम है वहां जीवात्मा भी अविकसित है। इस स्थिति में वे परमात्मा से सीधे परिचालित होते हैं। समुद्र है वह भी काम करता है, किंतु अपनी बुद्धि से नहीं, क्योंकि उसका मन अविकसित है। मन अविकसित होने के कारण जीवात्मा का भी विकास अधिक नहीं हो सकता है। मनुष्य में जो जीवात्मा है वह क्या है? मनुष्य के मन पर जो परमात्मा का प्रतिफलन है वही मनुष्य की जीवात्मा है। मनुष्य का मन विकसित होने के कारण अर्थात साधना द्वारा किसी ने अगर मन को बड़ा या शुभसंकल्पवान बना लिया है तो उस पर जो परमात्मा का प्रतिफलन होगा वह भी बहुत जबर्दस्त होगा। अधिक जबर्दस्त होगा इसका आशय है जीवात्मा विकसित हो गई है। मन को शुभसंकल्पवान बनाने की साधना सब लोग कर सकते हैं। यह कोई बड़ा काम नहीं हैं। चेष्टा से हर कोई कर सकता है। इसके साथ ही साधना सब लोग कर सकते हैं। साधना करने के अधिकार में भेद नहीं है। जो लोग भेद की बात करते हैं वे साधना के मूलतत्व को नहीं जानते हैं। वे मूढ़ या अतार्किक हैं। मन के अंदर जो परमात्मा का प्रतिफलन है वह क्या है? प्रतिफलन से मूलवस्तु को कहां तक समझना संभव है? अगर पानी स्वच्छ और पारदर्शी नहीं है तो उसमें ठीक से देख नहीं सकेंगे अर्थात पानी में गंदगी हो तो नहीं देख सकेंगे। अगर पानी में गंदगी नहीं है, किंतु चंचलता है तो भी क्या देख सकते हैं? नहीं। मानसपटल मनरूपी आईना है। उसमें परमात्मा का प्रतिफलन, जिसे हम जीवात्मा कहेंगे, आप कब देख सकेंगे? जब मन में चंचलता नहीं रहेगी और गंदगी भी नहीं रहेगी तभी आप परमात्मा का प्रतिफलन देख सकेंगे। परमात्मा की अनुभूति करने के लिए क्या करना होगा? क्या जीवात्मा को देख लेने से ही परमात्मा को देख लेंगे?

## संपादकीय

# दिल्ली में आप और उपराज्यपाल की जंग!

दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी का सिलसिला बहुत पुराना है। इस बीच कई उपराज्यपाल बदले, मगर सरकार का किसी के साथ भी तालमेल ठीक नहीं रहा। दोनों के बीच एक अविश्वास का माहौल सदा बना रहता है। हालांकि ऐसे माहौल में काम कर पाना न तो सरकार के लिए सुविधाजनक होता है और न उपराज्यपाल के लिए। मगर इस वातावरण को खत्म करने का प्रयास भी नहीं दिखाई देता। यही वजह है कि नगर निगम चुनाव में मिले बहुमत के बावजूद आम आदमी पार्टी को लगता है कि महापौर के चुनाव में उपराज्यपाल कोई गड़बड़ी करने की रणनीति बना रहे हैं। इसके चलते पिछले महीने दो बार यह चुनाव टल चुका है। इसके लिए अदालत तक का दरवाजा खटखटाया जा चुका है। अब उपराज्यपाल ने अगले हफ्ते तीसरी बार चुनाव की तारीख तय की है। मगर भाजपा नेताओं का कहना है कि आम आदमी पार्टी उस दिन भी कोई न कोई बहाना बना कर हंगामा करने का प्रयास करेगी। अगर ऐसा होता है, तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक उड़ाने जैसा ही होगा। इसलिए अपेक्षा की जाती है कि इस बार महापौर का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का प्रयास होगा, ताकि आगे के कामकाज सुचारू रूप से चल सकें। निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी को स्पष्ट बहुमत हासिल है। महापौर के चुनाव में उसे दूसरे दलों से किसी तरह की मदद लेने की जरूरत भी नहीं है। इसीलिए भाजपा ने एलान कर दिया कि वह महापौर के पद पर अपना प्रत्याशी खड़ा नहीं करेगी। मगर आम आदमी पार्टी के अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने के बाद अचानक भाजपा ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए। उसके बाद उपराज्यपाल ने सरकार से परामर्श किए बिना अपनी पसंद से ह्यवरिष्ठह्न सदस्यों का चुनाव कर दिया। इसी को लेकर आम आदमी पार्टी ने हंगामा कर दिया। फिर अगली तारीख को उन वरिष्ठ सदस्यों को शपथ भी दिला दी गई, जबकि सरकार का कहना था कि पहले निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाती है, उसके बाद उपराज्यपाल द्वारा चयनित सदस्यों को। इसे लेकर नियम-कायदों पर बहसें होती रहीं और आखिरकार महापौर का चुनाव नहीं हो पाया। हालांकि चुनावी गणित से आम आदमी के पास महापौर चुनने के लिए पर्याप्त बहुमत है, मगर उसे शायद भय सता रहा है कि कहीं यहां भी भाजपा उसी तरह पांसा न पलट दे, जैसे चंडीगढ़ में किया था। वहां बहुमत न होने के बावजूद उसने अपना महापौर जिता लिया था। महापौर का चुनाव टलते जाने का अर्थ है, निगम की योजनाओं का खिसकते जाना। इसका असर आखिरकार नागरिकों पर ही पड़ेगा। दोनों पार्टियां बढ़-चढ़ कर नागरिकों की हितैषी होने का दावा करती हैं। फिर वे इस तकाजे को क्यों नहीं समझ पातीं कि उनकी मूंछ की लड़ाई में दिल्ली के लोगों के हित प्रभावित हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी के पास स्पष्ट बहुमत है, इसलिए उसे किसी तरह की आशंका से ग्रसित होकर इस चुनाव में बाधा डालने का प्रयास नहीं करना चाहिए।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# घाटी में फिर आतंक

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद घाटी में सुरक्षाबलों की चौकसी काफी बढ़ा दी गई। माना जा रहा था कि इससे दहशतगर्दों की कमर टूट जाएगी और जल्दी ही वहां अमन कायम होगा। मगर अब भी आए दिन आतंकी अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। उनकी सक्रियता अपेक्षा के अनुरूप कम नहीं हुई है। वे अपना तरीका बदल कर निरपराध लोगों की हत्या कर देते हैं। पिछले कुछ समय से उनकी लक्षित हिंसा चिंता का विषय बनी हुई है। अब वे कुछ ऐसे तरीके आजमाते देखे जा रहे हैं, जो अब तक इस्तेमाल नहीं किए गए थे। जम्मू पुलिस द्वारा लश्कर से जुड़े एक आतंकी के पास से परफ्यूम की बोतल में भरे ताकतवर विस्फोटक (आइईडी) बरामद किया जाना इसी का ताजा उदाहरण है। सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि इस तरह का विस्फोटक ज्यादा घातक और ताकतवर होता है। गिरफ्तार आतंकी ने पिछले महीने नरवाल में ऐसे ही विस्फोटक लगाए थे, जिसमें नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके पहले भी वह कई ऐसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। इससे एक दिन पहले तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया गया, जो किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में थे। ऐसे में फिर सवाल उठता है कि आखिर कैसे घाटी में आतंकियों की मौजूदगी बनी हुई है और उन्हें कहां से साजो-सामान उपलब्ध हो पा रहे हैं। हालांकि पिछले आठ-नौ सालों में आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों पर काफी लगाम कसी है। घर-घर तलाशी अभियान चलाने, आतंकियों को वित्तपोषण करने वाले संगठनों और व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे डालने और लगातार निगरानी बनाए रखने की वजह से उन्हें पकड़ना, उनकी साजिशों का पता लगाना काफी आसान हुआ है। मगर हैरानी का विषय है कि आतंकी संगठनों की गतिविधियों को पूरी तरह रोक पाना कठिन बना हुआ है। आतंकी संगठनों का समर्थन और वित्तपोषण करने वाले संगठनों और व्यक्ति की पहचान कर उनके बैंक खाते आदि बंद किए जा चुके हैं। सीमा पार से तिजारत बंद होने की वजह से उन्हें सड़क मार्ग से हथियार और गोला-बारूद वगैरह पहुंचाना मुश्किल हो गया है। लगातार उन पर नजर रखी और अत्याधुनिक सूचना उपकरणों से उनकी साजिशों का पदार्फाश करने की कोशिश की जाती है। बुरहान वानी को मारे जाने के बाद इलेक्ट्रानिक माध्यमों से सूचनाओं के प्रसार पर भी कड़ाई से रोक लगा दी गई थी। फिर भी ये आतंकी अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो पा रहे हैं, तो चिंता स्वाभाविक है। विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद लंबे समय तक घाटी में कर्फ्यू का माहौल रहा। सुरक्षा कर्मियों की तादाद पहले से कहीं अधिक बढ़ा दी गई थी। पिछले साल सरकार ने माना था कि इसके चलते घाटी में आतंकी संगठनों में युवाओं की नई भर्ती पर लगाम लगी है। मगर हकीकत यह है कि घाटी के नौजवान लगातार सीमा पार सक्रिय आतंकी संगठनों के संपर्क में बने रहते हैं और उनके इशारे पर साजिशों को अंजाम देते हैं। ताजा घटनाओं में गिरफ्तार आतंकी भी स्थानीय थे, घुसपैठ कर सीमा पार से नहीं आए थे। यानी जाहिर है कि घाटी में युवाओं को गुमराह कर हाथ में हथियार उठाने को तैयार करने में आतंकवादी संगठन अब भी कामयाब हो रहे हैं। जब तक स्थानीय लोगों में दहशतगर्दों के प्रति असहयोग का भाव पैदा नहीं होगा, ऐसी घटनाओं पर विराम लगाना कठिन बना रहेगा।



# हर्षोल्लास से हुआ "उल्लास-2023" का समापन

जयपुर. शाबाश इंडिया

गौरवमयी इतिहास के 118 वें वर्ष में गत दिवस प्रवेश करते हुए एसएसजी. पारीक पीजी. कॉलेज व सम्बद्ध शिक्षण संस्थान में छह दिवसीय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता द्य उल्लास-2023 द्य का आज हर्षोल्लास के साथ समाप हुआ। सचिव लक्ष्मीकांत पारीक ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथि खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, ऑल इंडिया पारीक वैवाहिक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामप्रकाश पुरोहित, पारीक कॉलेज प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष सुशील पारीक बोरदा, पूर्व कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश पारीक, पूर्व सदस्य दिलीप पारीक रहे।



इस मौके पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि महाविद्यालय का शैक्षिक काल महत्त्वपूर्ण होता है, जहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल कर उनका संपूर्ण विकास किया जाता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की इमारत है, इसे व्यर्थ की चिंताओं में न गंवाएं तथा निडर होकर आगे बढ़ें। फेस्ट की संयोजक डॉ. प्रमिला दुबे ने बताया कि छह दिवसीय समारोह के दौरान ओलंपिया, कलर मेनिया, शॉर्ट प्ले, साइंस तिलिस्म, काव्यांजलि, सोलो डांस, सिंगिंग, ग्रुप डांस का आयोजन किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान शिक्षा के महत्त्व और फाल्गुन के स्वागत के साथ पन्ना सेपट के नाम से मशहूर राजस्थानी हास्य अभिनेता दीपक मीणा की प्रस्तुति ने इंद्रधनुष के रंगों को बिखेर दिया जिससे महाविद्यालय प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों ने भी माहौल को खुशनुमा बना दिया। समापन समारोह में प्रबंध समिति के अध्यक्ष बजरंग लाल पारीक, सचिव लक्ष्मीकांत पारीक, कोषाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश पारीक, सदस्य केके पारीक, एनके पारीक, भगवती प्रसाद पारीक, रीतेश सी पुरोहित, गौरव पारीक ने कॉलेज के स्टाफ व स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। फेस्ट की संयोजक डॉ. प्रमिला दुबे, सह संयोजक डॉ. सरोज पारीक, डॉ. महेश नावरिया, डॉ. महेश भीमवाल, डॉ. रितु शर्मा, श्रीमती गिक्षी चैधरी, डॉ. दिनेश कुमावत, डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, श्रीमती निकिता गर्ग, श्रीमती मंजू नागर, श्रीमती प्रियंका पारीक ने इन छह दिनों के दौरान सभी कार्यक्रमों के सफल संचालन में अपनी अहम भूमिका निभाई।

# जेएसजी महानगर ने गायों को चारा वितरित किया



जयपुर. शाबाश इंडिया

सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत जैन सोश्यल ग्रुप महानगर का चारा वितरण कार्यक्रम दिनांक 5 फरवरी को दुर्गापुरा गौशाला में प्रातः 9.00 बजे किया गया। इस कार्यक्रम के पुण्यार्राजक सन्त कुमार - मन्जुला जैन, एडवोकेट, वरिष्ठ सदस्य, महानगर ग्रुप थे। इस कार्यक्रम में गायों को हरा चारा, गाजर, मूली, मैथी, चपाती का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश जैन, दिपेश छाबड़ा, सचिव अनुज जैन, सदस्य श्रीमती अमिता राज जैन, विरेंद्र - रंजुला जैन, नीलेश- सची जैन, अमित कोठारी, अशोक-सुनीता जैन की उपस्थिति रही। ग्रुप सचिव अनुज जैन ने भी आज सामाजिक सहायता कोष में सहयोग दिया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों को संतकुमार- मंजुला जैन द्वारा शानदार अल्पाहार का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों को दीपेश छाबड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अजमेर में दहेज विरोधी विचार गोष्ठी मीटिंग का आयोजन




**अजमेर. शाबाश इंडिया।** कुंदन नगर स्थित मेजर शेतान सिंह राजपूत छात्रावास में दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में दहेज विरोधी संगोष्ठी मीटिंग रखी गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया व दहेज जेसी सामाजिक कुरीतियां पर अंकुश लगाने की चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ ने समाज को सशक्त व जागृत बनाने के साथ दिखावा रहित व दहेज मुक्त शादियां कर समाज के निर्माण व उत्थान के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर दहेज विरोधी संघ अजमेर जिले व शहर के सर्वसम्मति से नवनियुक्त पदाधिकारियों को, दहेज नहीं लेने व दहेज नहीं देने वालों को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर व वीर दुर्गादास राठोड़ के दुर्लभ व कीमती सिक्के देकर सम्मानित किया गया। मीटिंग में सुरेंद्र सिंह थेबड़ी , एडिशनल एसपी विक्रमसिंह खवर व नरेंद्र कुमार सिंह, सुमेर सिंह दिष्णाऊ, एडवोकेट दलिप सिंह मोरेड व विक्रम सिंह राठौड़, दलीप सिंह गौड़, गजेंद्र सिंह चावडिया, महावीर सिंह गौड़, अजय सिंह खानपुर , मनोहर सिंह जालमपुरा व नरपत सिंह गावड़ी आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए कुप्रथाओं व फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने व दहेज मुक्त शादियां करने का आह्वान किया।




# विदेशी शिक्षा की खुली राहें...225 बच्चों ने भाग लिया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** The Globlaizers द्वारा बापू नगर में 5 फरवरी को इटली से पॉलिमी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी से पधारे शिक्षा जगत के मार्गदर्शक लोगो के दल ने अपनी उपस्थिति दी। जिनके द्वारा युवाओं को बैचलर्स व मास्टर की डिग्री के साथ अपने भविष्य को और ज्यादा बेहतर करने के लिए विदेश की यूनिवर्सिटी के उच्च शिक्षा का मार्गदर्शन दिया। द ग्लोबलाइजर में 5 फरवरी को 225 बच्चों से ज्यादा ने उपस्थिति दर्ज कराई। द ग्लोबलाइजर की सेंटर हेड यशा जैन ने बताया कि द ग्लोबलाइजर 17 वर्षों से बच्चों को विदेश की पढ़ाई में मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है अतः जयपुर में पिछले 4 महीनों से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। द ग्लोबलाइजर द्वारा भारत से अभी तक 10,000 से भी ज्यादा बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा जा चुका है। यशा जैन ने बताया कि आगामी दिनों में और भी ऐसे कार्यशाला आयोजित की जाएगी और आप अपनी उच्च शिक्षा की जिज्ञासा को लेकर द ग्लोबलाइजर के सेंटर पर विजिट भी कर सकते हैं। समारोह का प्रारंभ राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष बैद ने किया एवं संचालन अजित जैन सांगानेर ने किया।

# विरागोदय महामहोत्सव 2023 पथरिया में राष्ट्रीय जैन प्रतिभा सम्मान में 300 से ज्यादा प्रतिभाऐं हुई सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रतिभाओं का सम्मान करना उनकी सफलता का परिचयः गणाचार्य विराग सागर जी महाराज पथरिया, दमोह। भारत गौरव गणाचार्य परम पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में 1 फरवरी से 15 फरवरी तक विरागोदय महामहोत्सव 2023 जो बुंदेलखंड के दमोह जिले के पथरिया तहसील में चल रहा है उसी कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जैन प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें भारतवर्ष के जैन -जैनत्तर 300 से ज्यादा प्रतिभाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का के निर्देशन आर्यिका विरम्या श्री माताजी, आर्यिका विसंयोजना श्री माता जी के सानिध्य मे संपन्न हुआ। मंगलाचरण कु. सृष्टि जैन, चित्रअनावरण एवं दीप प्रज्वलन मंचासीन अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राहुल लोधी कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त दमोह, सुनील जैन पूर्व विधायक सागर, डॉ. मनीष वर्मा संभागीय शिक्षा अधिकारी सागर संभाग, कपिल मलैया युवा उद्योगपति सागर संतोष मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दमोह, प्रकाश मोदी चेयरमैन पारस चैनल, सुदेश भूषण जैन



चेयरमैन पंजाब केसरी ,प्रवीण जैन संपादक दैनिक विश्व परिवार झांसी , प्राचार्य अशोक तिवारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शाहगढ़ सुभाष जैन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पथरिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जनर्लिस्ट मनीष शाहगढ़ ने बताया कि जैन प्रतिभा सम्मान समारोह में 300 से ज्यादा प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। पथरिया नगर के 150 जैनत्तर विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। भारत गौरव परम पूज्य आचार्य विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री विनय सर सागर जी महाराज की जन्म स्थली पर ब्लॉक रुदाय तीर्थ जिसमें हॉस्पिटल विद्यालय गौशाला एवं जैन मंदिर के साथ इस तीर्थ स्थापना जनकल्याण के उद्देश्य की गई है, जो 1 तारीख से 15 फरवरी 2023 तक यति सम्मेलन,पंचकल्याणक महा महोत्सव एवं महा मस्तकाभिषेक के साथ इस तीर्थ की प्रतिष्ठा होगी। भारत देश के कोने कोने से धर्म प्रेमी जन इस महा महोत्सव में शामिल होने के आ रहे हैं एवं 350 से ज्यादा मुनि- आर्यिकायों का सानिध्य इस आयोजन मे है। राष्ट्रीय जैन प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य संयोजक मनीष विद्यार्थी शाहगढ़ के साथ स्थानीय संयोजक संजय फुसकेले शिक्षक, राजेश जैन लाला, इंजी. विनोद जैन ग्वालियर इंजी. महेश जैन पी.एच.ई सागर, राजेंद्र महावीर सनावद, सुनील संचय ललितपुर, पंकज जैन छतरपुर आदि का विशेष सहयोग में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र महावीर सनावद एवं सुनील संजय ललितपुर ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनीष वर्मा ने अपने वक्तव्य में इस कार्यक्रम की सराहना की एवं उपस्थित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। परम पूज्य आचार्य श्री विराग सागर जी ने अपने प्रवचन में विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन करते हुए कहा कि मात- पिता गुरु जनों के सम्मान प्रत्येक विद्यार्थियों को करना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को नशा नहीं करे, इस बात पर जोर दिया सभ्य समाज की स्थापना के लिए हमारे लिए सभ्य होना जरूरी है, ऐसे अनेक शिक्षाप्रद बातें विद्यार्थियों के लिए कहीं और उन्हें अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी आचार्य श्री ने कहा कि हम लोग अगर इन प्रतिभाओं का सम्मान करते हैं तो इनका परिचय समाज को कराते हैं।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

के द्वारा आयोजित

WONDER CEMENT
EK PERFECT SHURUAAT

# हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन

## शनिवार, 25 फरवरी 2023

समय : सायंकाल 6.00 बजे से

स्थान : भट्टारक जी की नशियां, नारायण सिंह सर्किल, टोंक रोड़, जयपुर

### आंमत्रित कविगण



श्री प्रताप फौजदार (हास्य सम्राट)



श्री बुद्धि प्रकाश दाधीच (हास्य एवं राज. गीतकार)



श्री शम्भू शिखर (हास्य पैरोडी सम्राट)



श्री सुनील व्यास मुंबई (हास्य व्यंग्य)



स्वर कोकिला कल्पना शुक्ला (श्रंगार)



श्री कमलेश जैन 'वसन्त' (मंच संचालन)

## क्यों न खुद की एक पहचान बनाये।
## चलो रक्तदान करे और करवाये ॥

DONATE BLOOD

WONDER CEMENT
EK PERFECT SHURUAAT

# विशाल रक्तदान शिविर

## आदिनाथ जयंती 16 मार्च से महावीर जयंती 3 अप्रेल तक

भगवान महावीर की 2621 वीं जन्म जंयती के पावन अवसर पर मानव सेवार्थ 2621 यूनिट रक्त एकत्र करने के विशाल लक्ष्य के साथ विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से मानव सेवार्थ लगभग 40 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

**:: सहयोगी दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ::**

जयपुर मेंन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, नवकार, जैन भारती, मैत्री, डायमंड, वर्धमान, पार्श्वनाथ, तीर्थंकर, ब्लू स्टार, पिंक पर्ल, वात्सल्य, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वीर, जनक श्री, स्वस्तिक, विराट, मालपुरा, गंगापुर सिटी, दौसा, सीकर, श्री महावीर जी .......

**:: आयोजन समिति ::**

| मुख्य समन्वयक | समन्वयक | समन्वयक | सह-समन्वयक | सह-समन्वयक | सह-समन्वयक | सह-समन्वयक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यश कमल - संगीता अजमेरा | दर्शन - विनीता बाकलीवाल | मनीष - सोभना लोंग्या | विनोद - हेमा सोगानी | चक्रेश - पिंकी जैन | राजेश - रानी पाटनी | अनिल - ज्योति जैन चौधरी |

**निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजेश बड़जात्या<br>अध्यक्ष | अनिल जैन IPS<br>संस्थापक अध्यक्ष | महेन्द्र कुमार पाटनी<br>वरिष्ठ परामर्शक | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या<br>परामर्शक | नविन सेन जैन<br>परामर्शक | यश कमल अजमेरा<br>निर्वतमान अध्यक्ष | अतुल बिलाला<br>पूर्व अध्यक्ष | पारस कुमार जैन<br>कोषाध्यक्ष | निर्मल संघी<br>महासचिव |

**आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राकेश–समता गोदिका<br>अध्यक्ष | दिनेश–संगीता गंगवाल<br>परामर्शक | मनीष–शोभना लोंग्या<br>कार्याध्यक्ष | सुनील–सुनीता गोदिका<br>उपाध्यक्ष | चक्रेश–पिंकी जैन<br>उपाध्यक्ष | राकेश–रेणु संघी<br>उपाध्यक्ष | महेन्द्र–सुनिता कासलीवाल<br>उपाध्यक्ष | अनिल–निशा संघी<br>सचिव |
| अनिल–अनिता जैन<br>कोषाध्यक्ष | राजेश–रितु छाबड़ा<br>संगठन सचिव | राजेश–रानी पाटनी<br>संगठन सचिव | प्रदीप–प्राची बाकलीवाल<br>संयुक्त सचिव | चेतन–डॉ. अनामिका पापड़ीवाल<br>संयुक्त सचिव | कमल–मंजु ढोलिया<br>सांस्कृतिक सचिव | राजेन्द्र–कुसुम जैन<br>खेल सचिव | |

कार्यकारिणी सदस्य :: अनिल-ज्योति जैन चौधरी ❊ डॉ अनुपम-विनीता जैन ❊ सपन-रजनी छाबड़ा ❊ नितेश-मीनू पाण्ड्या ❊ विशेष आमंत्रित :: अशोक-अर्चना पाटनी ❊ अशोक सेठी

**सम्पर्क सूत्र :: 9414078380, 9829067076, 9785074581, 9887555249**

## राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्तल सुप्रीम कोर्ट मे जज नियुक्त हुये



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्तल को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त हुये। इस अवसर पर अभिनव भंडारी ने उनके निवास स्थान पर जाकर उन्हे माल्यार्पण कर बधाई दी।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com




# भगवान शांतिनाथ का महा मस्तकाभिषेक कार्यक्रम शुरू

## आकाश मार्ग से विचरण करने वाले देवों के दर्शनार्थ बनाया जाता है मान स्तंभः आचार्य इंद्र नंदी

**साखना/टोंक. शाबाश इंडिया**

शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र साखना में रविवार को मान स्तंभ महामस्तकाभिषेक समारोह के तहत प्रातः भगवान शांतिनाथ शीतलनाथ चंद्रप्रभु का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई तत्पश्चात नित्य नियम पूजा कर श्री जी को एवं श्रीफल समर्पित किए गए। अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश सोनी, मंत्री प्यार चंद जैन ने बताया कि 8 दिवसीय महा मस्तकाभिषेक कार्यक्रम की शुरूआत के तहत रविवार को सर्वप्रथम भागचंद पतासी देवी टोंगिया परिवार के द्वारा झंडारोहण किया गया। भगवान शांतिनाथ के चित्र का अनावरण प्रदीप सोनी रचना जैन ने किया, दीप प्रज्वलन रुचिन जैन पूजा जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पदम जैन शशि जैन सरोली वाले मुंबई ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में टोंक जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल पधार कर भगवान शांतिनाथ के दर्शन किए एवं आचार्य इंद्रा नंदी से आशीर्वाद लिया। मीडिया प्रभारी राजेश अरिहंत, कोषाध्यक्ष मनीष बज ने बताया कि रविवार को दोपहर 12:15 बजे से मानस्तंभ में चारों दिशाओं में विराजमान श्री जी का महा मस्तकाभिषेक समारोह शुरू हुआ जिसमें सर्वप्रथम सौधर्म पदम जैन ने भगवान का महामस्तका अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त किया तत्पश्चात 16 सौभाग्यशाली इंद्रों ने भगवान का अभिषेक किया। उपस्थित श्रद्धालुओं में ललित अजमेरा, मनीष बज, विमल निवाई, नरेंद्र भरनी, भेरू प्रकाश भरनी, महावीर साखना, प्रेम चंद देवडावास, प्रकाश पटवारी, अशोक छाबड़ा सहित टोंक, निवाई ,उनियारा, दूनी, देवली, कोटा, मालपुरा, टोडा ,पीपलू, जयपुर, मुंबई,



दिल्ली से पधारे श्रद्धालुओं ने भी भगवान का महा मस्तकाभिषेक किया। अभिषेक से प्राप्त गंधोदक को श्रद्धालुओं ने मस्तक पर लगाकर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य इंद्र नंदी ने अपने उद्बोधन में जैन मंदिरों में मान स्तंभ बनाए जाने पर कहा कि आकाश मार्ग से विचरण करने वाले देवो को भगवान का दर्शन हो सके एवं दूर-दराज से गुजरने वाले श्रावकों को भगवान का दर्शन हो सके इस हेतु जैन मंदिरों में मान स्तंभ का निर्माण किया जाता है। नरेंद्र जैन भरनी एवं निहालचंद छान ने बताया कि उक्त कार्यक्रम 12 फरवरी तक आयोजित होगा जिसमें प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मान स्तंभ में विराजमान श्री जी का महा मस्तकाभिषेक किया जाएगा। उक्त समस्त क्रियाएं पंडित मनोज शास्त्री ,पंडित अंकित शास्त्री एवं संगीतकार दुर्गेश एंड पार्टी की देखरेख में संपन्न होंगे। प्रकाश पटवारी एवं अशोक छाबड़ा ने बताया कि रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो महिला पुरुषों ने भाग लिया इस हेतु समाज की ओर से निशुल्क बसों की व्यवस्था की गई। सभी पधारे हुए श्रद्धालुओं के लिए भोजन पुण्यार्जक स्वर्गीय मोहनलाल स्वर्गीय मोहनी बाई जैन सोनी सरोली परिवार रहे। साँयकाल जैन गुरुकुल के छात्रों के द्वारा भगवान शांतिनाथ की महाआरती की गई एवं 31 छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। छात्रों को रेणु बाला जैन कमल जैन सोनी द्वारा ऊनी वस्त्र वितरित किए गए।